कोटद्वार, गुरूवार
14 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 223 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## उत्तराखण्ड की विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु ए.डी.बी देगा 200 मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की विद्युत व्यवस्था तथा पावर ट्रांसमिशन की मजबूती में सुधार तथा विद्युत आपूर्ति में बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु एशियाई विकास बैंक द्वारा 200 मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्री का भी आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे राज्य की सुचारू विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी तथा भारत में ए.डी.बी के डिप्टी रेजिडेंट मिशन निदेश-ाक होयुन जियोंग द्वारा ऋण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जुही मुखर्जी ने कहा कि उत्तराखण्ड की बिजली प्रणाली के बुनियादी ढ़ांचे को मजबूती तथा बिजली प्रणाली के नेटवर्क क्षमताओं के विकास, लोड केन्द्रों के नवीकरण, ऊर्जा के निर्बाध एकीकरण आदि में इससे सुविधा होगी तथा राज्य के निवासियों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी।

एडीबी के डिप्टी रेजिडेंट निदेशक होयुन जियोंग ने कहा कि इस योजना के तहत 537 कि.मी. भूमिगत केबल प्रणाली, बिजली नेटवर्क के आधुनिकीकरण, सब स्टेशनों के क्षमता विकास तथा विद्युत वितरण प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाया जायेगा।

## सुरक्षा चूक पर राज्यसभा में हंगामा

### ◊गृह मंत्री के बयान की मांग पर अड़े विपक्षी सांसदों ने किया वाकआउट

, नई दिल्ली। बुधवार को लोकसभा में सदन की बैठक के दौरान दो युवकों के कूदने के घटनाक्रम का असर राज्यसभा में भी नजर आया। प्रश्नकाल और भोजनवकाश के बाद दोपहर दो बजे जैसे ही उच्च सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सदस्यों ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया।

**राज्यसभा में जमकर नारेबाजी**

उनकी ओर से की जा रही नारेबाजी पर कई बार सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें ऐसा न करने के लिए भी कहा। विपक्षी सांसद सदन की सुरक्षा सुनिश्चित होने तक कार्यवाही स्थगित करने की भी मांग कर रहे थे।

धनखड़ ने लंच के बाद कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा के घटनाक्रम की सांसदों को जानकारी दी और कहा कि मुझे सूचना मिली है कि घुसपैठ करने वाले युवकों को



पकड़ लिया गया है। संसद की सुरक्षा सेवा पूरे मामले की जांच कर रही है। हम आज की बैठक समाप्त होने तक इसके नतीजों से सदस्यों को अवगत कराएंगे।

**खरगे ने उठाया सुरक्षा चूक का मामला**

इसी दौरान सुरक्षा चूक पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह गंभीर मामला है। विपक्षी सदस्यों ने भी संसद हमले में बलिदान हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी है। हम हमेशा देश की एकता और सुरक्षा के लिए सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

IHMS KOTDWAR
Institute of Hospitality, Management & Sciences
17 Years of Excellence in Education ESTD. 2006
"Journey Towards Excellence"
Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University, Sri Dev Suman Uttarakhand University, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University (A Central University)
Approved By: All India Council of Technical Education (AICTE), Government of Uttarakhand and Ministry of Education
Admissions Open 2024-25
LIMITED SEATS
CHM
(CERTIFICATE IN HOTEL MANAGEMENT)
WINTER BATCH
Admissions Start For (January 2024)
JOB OPPORTUNITIES
PROGRAMMES AVAILABLE
M.B.A. 2 Years
M.C.A 2 Years
B.H.M. 4 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
B.Sc. IT 3 Years
C.H.M. 1 Year
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने की गुजरात में द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन कर और पूजा–अर्चना



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को द्वारका, गुजरात में ऐतिहासिक श्री द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि व खुशहाली के लिए कामना की।

# सीएम धामी ने दी डॉ. मोहन यादव को मध्य प्रदेश के सीएम पद की शपथ लेने पर बधाई व शुभकामनाएं



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, भोपाल में मध्य प्रदेश के निवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने ड्डॉ. मोहन यादव को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वे अपने कुशल नेतृत्व के माध्यम से मध्य प्रदेश को विकास और सुशासन की नई बुलंदियों तक पहुँचायेंगे।

## एक नजर

### स्कूल वाहनों के खिलाफ चला अभियान, 12 सीज, 46 के चालान

देहरादून। संभागीय परिवहन विभाग ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में 146 वाहनों के चालान किए गए। जबकि 12 वाहन सीज किए गए। आरटीओ (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी ने बताया कि अभियान देहरादून शहर के साथ ही ऋषिकेश, विकासनगर, हरिद्वार, टिहरी और उत्तरकाशी में चलाया गया। चेकिंग टीमों ने एक–एक वाहन को रोककर चेक किया है। कई वाहन ऐसे मिले, जो सुरक्षा में मानक पूरे नहीं कर रहे थे। अभियान के दौरान 146 वाहनों के चालान किए गए। जबकि 12 वाहन सीज किए गए। देहरादून शहर में 49 वाहनों के चालान किए गए। यहां एआरटीओ राजेंद्र विराटिया, एमडी पपनोई, परिवहन कर अधिकारी जितेंद्र बिष्ट के नेतृत्व में चेकिंग की गई। बताया कि जल्द ही स्कूल वाहनों का सत्यापन किया जाएगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म कर पोस्टर सड़क पर चिपकाने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। नाबालिग से दुष्कर्म के बाद सड़क पर पोस्टर चिपकाने की धमकी दे दस हजार रुपये मांगने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। शहर कोतवाल राजेश साह ने बताया कि थाना क्षेत्र में किराये के कमरे में रहने वाले व्यक्ति ने तहरीर दी। बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी मंगलवार को परेशान दिखी। उससे बात की गई तो बताया कि फैजल नाम का युवक काफी दिनों से परेशान कर रहा है। युवक ने पीड़िता से दोस्ती कर दुष्कर्म किया। आरोप है कि इसके बाद उसके फोटो सड़क पर चिपका कर बदनाम करने की धमकी देकर दस हजार रुपये की मांग कर रहा है। फोन पर पीड़िता को गाली–गलौच कर जान से मारने की धमकी भी दे रहा था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी फैजल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पीड़िता से मोबाइल नंबर लेकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान फैजल (23) हाल निवासी देवऋषि एंक्लेव, मूल निवासी किरतपुर जिला बिजनौर के रूप में हुई। आरोपी को पूछताछ के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने की संविधान के 73वें संशोधन से संबंधित 29 विषयों के विभागीय अधिकारियों की बैठक



अधिकारियों का स्वागत करते हुए पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संविधान में निर्देशित कदम उठाए जाने का आह्वान किया। साथ ही उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम 2016 में जिन विषयों के संबंध में पंचायत को जिम्मेदारी दी गई है उनके संदर्भ में विभागों द्वारा एक्टिविटी मैपिंग करने का भी अनुरोध किया गया माननीय मंत्री जी ने पंचायती राज संस्थाओं के सुदृणीकरण की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सभी अधिकारियों

देहरादून। पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज जी की अध्यक्षता में संविधान के 73वें संशोधन से संबंधित 29 विषयों के विभागीय अधिकारियों की बैठक हुई ।माननीय मंत्री जी द्वारा पंचायतों को सशक्त करने के राज्य सरकार के संकल्प को दोहराया गया तथा विभागीय अधिकारियों का आह्वान किया गया कि सशक्त पंचायतें ग्रामीण विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है अतः ग्राम पंचायत स्तर पर किए जाने वाले समस्त विकास कार्यों को पंचायती राज संस्थाओं की जानकारी में लाना अत्यंत आवश्यक है । संदर्भ में विभागीय रोड मैप प्रस्तुत करें । राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान हैदराबाद से आये विशेषज्ञों द्वारा अन्य राज्यों के उदाहरण दिए गए जहां पर पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तिकरण से विकास की गति को तीव्र किया जा रहा है। इसी क्रम में छह राज्यों का अध्ययन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास में पंचायती राज संस्थान द्वारा किया जा रहा है विभागीय सचिव श्री हरिचन्द्र सेमवाल द्वारा से अपील की के निश्चित समय अवधि में जो सूचनाओं पंचायती राज विभाग द्वारा चाही गई है उनको उपलब्ध करा दें जिससे कि आगे की का रोड मैप तैयार किया जा सके।

बैठक में निधि यादव निदेशक पंचायतीराज ने पंचायतों में गठित स्थाई समितियों की मजबूती, ग्राम पंचायत विकास योजना में रेखीय विभागों की भागीदारी पर बल दिया ।

### सहारनपुर का गैंगस्टर 'गद्दू' तमंचे संग दून से गिरफ्तार

देहरादून। सहारनपुर का महज चार फीट लंबा गैगस्टर दून में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ सहानपुर जिले में लूट के दो और गैंगस्टर का एक मुकदमा दर्ज है। उससे पुलिस ने एक देशी तमंचा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। वहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम टोंस ब्रिज से जड़ी बूटी फार्म जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक आरोपी पुलिस को देकर वापस भागने का प्रयास करने लगा। उसे पुलिस ने घेरा बनाकर पकड़ लिया। उसकी पहचान अमित उर्फ गद्दू (22) पुत्र जसवीर सैनी निवासी सुहाखेड़ी, सरसावा जिला सहारनपुर के रूप में हुई। उससे तमंचा और जिंदा कारतूस मिलने पर आरोपी खिलाफ केस आर्म्स ऐक्ट का केस प्रेमनगर थाने में दर्ज किया गया। एसएसपी ने बताया कि इस साल आरोपी के खिलाफ सहारनपुर जिले के रामपुर मनिहारन थाने में लूट के दो और गैंगस्टर का एक मुकदमा दर्ज हुआ है। बताया कि उसका परिचित छात्र यहां एक निजी संस्थान में पढ़ाई कर रहा है। उसका रौब बनाने के लिए आरोपी पिस्टल लेकर दून पहुंचा था।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी उत्रांद

देहरादून। लोकसभा चुनाव की तैयारी में उत्तराखंड क्रांति दल भी जुट गई है। उक्रांद की नई कार्यकारिणी का गठन होने के बाद 18 दिसंबर को केंद्रीय कार्यकारिणी की पहली बैठक होने जा रही है। बैठक में लोकसभा के साथ ही आगामी निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियों को खाका तैयार किया जाएगा। उक्रांद केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने बताया कि 17 सितंबर 2023 को हुए महाधिवेशन में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ था। महाधिवेशन के बाद अब 18 और 19 दिसंबर को देहरादून जिला पंचायत हाल में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। बैठक में लोकसभा चुनाव, निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर विचार मंथन होगा। इस दो दिवसीय बैठक में सांगठनिक, राजनीतिक, चुनावी तैयारियों को लेकर चरणबद्ध कार्यक्रम तय किए जाएंगे। वार्ड स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर माहौल तैयार किया जाएगा। पार्टी नए जोश, नई ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरने जा रही है। राज्य के लोगों को भी समझ आ गया है कि उनके अहम विषयों की चिंता सिर्फ क्षेत्रीय दल के रूप में उक्रांद ही कर सकता है।

# ग्राम पंचायत का कूड़ा नगर निगम क्षेत्र में डालते हुए पकड़ा, वाहन किया जब्त




हरिद्वार। नगर निगम के सफाई निरीक्षकों ने अन्य ग्राम पंचायत के कूड़ा वाहन को बैरागी कैंप में कूड़ा डालते हुए पकड़ लिया। नगर निगम के सफाई निरीक्षकों द्वारा वाहन चालक से पूछताछ किए जाने पर पता चला कि निगम में काम सफाई कार्य को देखने वाली कंपनी के सुपरवाईजर ने ही उसको कूड़ा डालने की अनुमति दी है। चालक की माने तो यह काम वह पिछले एक साल से कर रहा है। यदि वाहन चालक की बात सच निकलती है तो कंपनी नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा डलवाकर बड़ा गोलमाल कर रही है। जबकि सफाई निरीक्षकों ने वाहन को जब्तकर मामले की पूरी जानकारी नगर आयुक्त को दे दी है।

## व्यापारियों ने उठाई मांग, बंद की जाएं चैक पोस्ट

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने चैक पोस्ट को बंद करने की मांग की है। कहा कि चैक पोस्ट के नाम पर व्यापारियों व आमजन का उत्पीड़न किया जा रहा है। चैक पोस्ट बंद करवाने के लिए जल्द ही व्यापारी आंदोलन भी चलाएंगे।

व्यापार मंडल सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने कहा कि कौड़िया चैक पोस्ट पर व्यापारियों व आमजन का उत्पीड़न हो रहा है। अधिकारी तलाशी के नाम पर लोगों को परेशान करते हैं।

पूर्व में कई बार चैक पोस्ट को समाप्त करने की मांग उठाई गई थी। लेकिन, अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। कहा कि जल्द ही समस्या को लेकर आमजन के साथ मिलकर आंदोलन चलाया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, महामंत्री लाजपत राय भाटिया, प्रदेश संगठन मंत्री अजय गुप्ता, जितेंद्र कैंथोला, दिनेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रमेश सिंघल आदि मौजूद रहे।

# सपना रह गई पहाड़ में तकनीकी शिक्षा, दशकों से अधर में लटका है कॉलेज

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : एक ओर जहां सरकार पहाड़ों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के दावे कर रही है। वहीं, धरातल की स्थिति इसकी विपरीत है। इसका एक उदाहरण रिखणीखाल ब्लाक के बड़खेत में वर्षों से अधर में पड़ा पालिटेक्निक भवन है। शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम भवन निर्माण की सुध नहीं ले रहा है। नतीजा पहाड़ी युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए पलायन करना पड़ रहा है।

वर्ष 2012 में शासन ने रिखणीखाल ब्लाक के बड़खेत में पालीटेक्निक खोलने की घोषणा की थी। इसके लिए ग्रामीणों ने करीब सौ नाली भूमि दान दी। भूमि मिलने के बाद शासन की ओर से भवन निर्माण को मंजूरी दी गई।


रिखणीखाल ब्लाक के बड़खेत में खंडहर पड़ा पालीटेक्निक कालेज भवन

कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश निर्माण निगम को भवन निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन, पिछले दस वर्षों से भवन निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। भवन ढांचे के ऊपर जो टीन लगाया गया था, वह भी तूफान से उड़ चुका है। भवन के आसपास टाइल्स व अन्य सामग्री अस्त-व्यस्त तरीके से पड़ी है। पूर्व में सरकारी सिस्टम ने निर्माण कार्य में विलंब का कारण पेयजल उपलब्ध नहीं होना बताया था। इसके बाद मल्ला बड़खेत के ग्रामीणों ने डबराल पेयजल लाइन बिछाने का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी विधायक को दे दिया था। लेकिन, इसके बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्तिया बिनीता ध्यानी ने बताया कि कालेज भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। उम्मीद है जल्द ही भवन निर्माण कार्य शुरू होगा।

### खराब होने लगी सामग्री

कॉलेज भवन निर्माण के लिए लाखों रुपये की सामग्री अव्यवस्थित तीरीके से पड़ी हुई है। भवन निर्माण में लगाई जा रही टाइल्स भी टूट चुकी है। लापरवाही से पड़े सामान के चोरी हाने का भी अंदेशा बना हुआ है। वहीं, वर्षा से बचाव के लिए भी कोई व्यवस्थ नहीं है।

# डाक सेवकों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : ग्रामीण डाक सेवकों को नियमित कर्मचारी का दर्जा व पेंशन देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ डाक मंडल कोटद्वार की अनिश्चिकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। डाक सेवकों ने जल्द समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

बुधवार को डाक सेवकों का धरना मुख्य डाकघर में जारी रहा। कहा कि डाक सेवक पूरी ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। बाजवूद इसके उनकी अनदेखी की जा रही है। डाक सेवकों ने ग्रामीण डाक सेवकों का कार्य समय चार से पांच घंटे से बढ़ाकर आठ घंटे करने, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशें के अनुसार समयबद्ध 12, 24, 36 को अति शीघ्र लागू किए जाने, सामूहिक बीमा की धनराशि को पांच लाख तक बढ़ाने, ग्रामीण डाक सेवकों की ग्रेज्युटी को 1.4 लाख से बढ़ाकर पांच लाख तक करने, सतैवनिक अवकाश को 180 दिनों तक नगदीकरण में बढ़ाने, ग्रामीण डाक सेवक एवं उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा देने, एसडीबीएस योजना में ग्रामीण डाक सेवकों को तीन प्रतिशत किए जाने, ग्रामीण डाक सेवकों को लक्ष्य से संबंधित कार्यो पर प्रतिबंध किए जाने, कार्य के दौरान मृतक ग्रामीण डाक सेवकों के आश्रितों को जैसे कि विवाहित पुत्री आदि को बिना भेदभाव किये अनुकंपा नियुक्ति का आश्वासन देने व समस्त शाखा डाक घरों में डिवाइस के बजाय लैपटॉप, प्रिंटर, ब्राडबैंड आदि देने की मांग उठाई।


कोटद्वार मुख्य डाकघर परिसर में धरना देते डाककर्मी

## कैंप में करवाई आंखों की नि:शुल्क जांच

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : देवी रोड़ स्थित हंस क्लीनिक और हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल सतपुली में सात दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। तीसरे दिन बुधवार को हंस क्लीनिक कोटद्वार में 405 व हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल सतपुली में 359 मरीजों ने नेत्र महोत्सव कैंप का लाभ उठाया। नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डा. रवि ने हंस क्लीनिक कोटद्वार और डा. नितिन मुकेश ने हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल सतपुली में मरीजों की आंखों की जांच की। जांच में 212 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाते हुए उन्हें मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चयनित सभी मरीजों का द हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल में दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा जांच कर 576 मरीजों को नि:शुल्क चश्में व दवाइयां वितरित करने के साथ ही खून की जांचें भी की गई। अभी नेत्र महोत्सव अगले चार दिन और चलेगा। आंखों की बीमारियों से संबंधित मरीज कैंप में पहुंचकर लाभ उठा सकते हैं।

## मील का पत्थर बनेगी देवभूमि उद्यमिता योजना

**कोटद्वार** : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय में उत्तराखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना आरंभ हो गयी है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में उद्यमिता विकास केंद्र स्थापित किया जा रहा है। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डा. एस.के. गुप्ता को महाविद्यालय में इस योजना का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद में आयोजित फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। वहीं नोडल अधिकारी डा. एस.के. गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय तथा आसपास के क्षेत्र के युवाओं को उद्यमिता, स्टार्टअप, कौशल विकास तथा स्वरोजगार हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित करने हेतु यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। बताया कि जनवरी प्रथम सप्ताह में छात्र-छात्राओं के बीच उद्यमिता और स्टार्टअप के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दो दिवसीय कैंप भी प्रस्तावित है, जिसमें लगभग 300 प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की आशा है।

# प्रथम डी. लिट् डा. पीतांबर दत्त को दी श्रद्धांजलि


पीतांबर दत्त बड़थ्वाल को श्रद्धांजलि देते महाविद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में हिंदी के प्रथम डी. लिट् डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल को श्रद्धांजलि दी गई।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर एम.डी . कुशवाहा ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल शोधार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। समय-समय पर उनके कार्यों पर प्रकाश डालना अति आवश्यक है। हिन्दी की विभाग प्रभारी डॉ. शोभा रावत ने कहा कि डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल ने हिंदी साहित्य जगत के शोधार्थियों के लिए नए मार्ग का निर्माण कर अद्वितीय कार्य किया है। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. भगवत रावत, डॉ. सुनीता नेगी, डॉ. किशोर चौहान, डॉ. रोशनी असवाल, डॉ. कपिल थपलियाल, डॉ. सुमन कुकरेती, डॉ. विजय लक्ष्मी, डॉ. सोमेश ढोंडियाल, रश्मि बहुखंडी एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# जयंती पर डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल को किया याद


संस्था के निदेशक रामभरोसा कंडवाल को सम्मानित करते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से हिंदी के प्रथम डी. लिट् डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल की 122वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान संस्था के संस्थापक निदेशक रामभरोसा कंडवाल को उनकी रचना के लिए डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल गेप्स हिंदी साहित्य सम्मान दिया गया।

पदमपुर मोटाढांक में ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यों ने डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डीसी चौधरी ने कहा कि डा. बड़थ्वाल एक महान व्यक्ति थे। कठोर परिश्रम व अनवरत साहित्य साधना के फल स्वरूप 1931 ई. में अपने शोध ग्रंथ 'द निर्गुण स्कूल ऑफ हिंदी पोएट्री' हिंदी काव्य में निर्गुणवाद बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया था। जिस पर उन्हें 1933 के दीक्षांत समारोह में डाक्टर्स ऑफ लिटरेचर की उपाधि से सम्मानित किया गया, जो भारत के प्रथम डी. लिट बने। इस दौरान संस्थापक निदेशक रामभरोसा कंडवाल को उनकी रचना के लिए डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल गेप्स हिंदी साहित्य सम्मान वर्ष-2023 से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मोहन काला, रेखा ध्यानी, नंदन सिंह नेगी, अनुराग कंडवाल, दिनेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकी नगर में वार्षिक निरीक्षण किया गया। टीम ने विद्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती एवं विद्या भारती द्वारा नियुक्त त्रय निरीक्षक बंधु डॉ. अखिलेश शर्मा प्रधानाचार्य विद्या मंदिर सुमननगर धर्मपुर, उमराव सिंह मनराल प्रधानाचार्य विद्या मंदिर सितारगंज, महिताब सिंह गुसाईं प्रधानाचार्य विद्या मंदिर कोटी भानियावाला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रोहित बलोदी ने बताया कि निरीक्षण में आए निरीक्षकों द्वारा प्रथम दिवस पर विद्यालय कार्यालय में आय व्यय, छात्र पंजिका, ऑडिट रिपोर्ट आदि का निरीक्षण किया गया। द्वितीय दिवस पर विद्यालय में गठित छात्र संसद विभाग के समस्त विभाग पदाधिकारियों की बैठक ली गई। साथ ही विद्यालय में कक्षाशः शैक्षिक निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात आचार्य वृंद के साथ



विद्यालय में आयोजित निरीक्षण कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

निरीक्षको द्वारा बैठक की गई जिसमे डॉ. अखिलेश शर्मा ने लर्निंग टू लर्न, एक्सपेरिंशल लर्निंग और जॉयफुल लर्निंग पर अपना विषय रखा। उन्होंने कहा कि हम सभी को एनईपी 2020 के आधार पर अपने शिक्षण को प्रभावी बनाना चाहिए। अंतिम दिवस पर वंदना सत्र में सभी छात्र-छात्राओं के साथ निरीक्षकों ने वार्ता की साथ ही बोर्ड परीक्षार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, राजन शर्मा, शिवराम बडोला, संगीता रावत, गौरव बुडाकोटी, मोहन सिंह, अनिल भटनागर, श्रुति, सरोज, संगीता, नंदनी, राकेश और देवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने नर्सरी का किया भ्रमण, ली महत्वपूर्ण जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैंण की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के तहत डाबरी पैठाणी नर्सरी का भ्रमण करवाया गया। कोऑर्डिनेटर देवाशीष खंकरियाल की अगुवाई में कृषि ट्रेनर अरविन्द चौहान के निर्देशों पर छात्राओं के दल ने डाबरी पौधालय पैठाणी में कई जानकारी ली। पौध नर्सरी के विषय से लेकर छात्रों को पौध लगाना, बीज बोना, नर्सरी प्रबंधन करना और इसके बाद इनके रोपण आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान नर्सरी कैसे स्थापित होती है और कैसे स्वरोजगार दे रही है सहित विभिन्न जानकारियां दी गई। समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूलों में शैक्षिक भ्रमण करवाया जा रहा है।

शैक्षिक भ्रमण का मकसद छात्राओं को व्यावसाय शिक्षा के बारे में जानकारी देना भी है। साथ ही व्यावसायिक कृषि विषय की समझ को बेहतर जानने का मौका छात्राओं को मिलेगा और कृषि के कार्य को समझने में काफी आसानी होगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य रजनी बाला पूजा नेगी, प्रमोद कुमार, वर्धन सिंह राणा, मोहन रावत आदि मौजूद रहे।

## श्रीकोट खेल मैदान में 8 लेन का सिथेंटिक ट्रेक बनाने की मुहिम शुरू

**पौड़ी** : श्रीनगर के श्रीकोट खेल मैदान पर 8 लेन का सिथेंटिक ट्रेक बनाने की मुहिम शुरू हो गई। यहां रांसी खेल मैदान की तर्ज पर यह ट्रेक बनाया जाएगा। कार्यदायी संस्था की ओर से डीपीआर से लेकर टेंडर प्रक्रिया का काम तकरीबन पूरा कर लिया गया है।

पौड़ी के जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि पेयजल निर्माण निगम कार्यदायी संस्था है। करीब 8 करोड़ की लागत से खेल मैदान को बनाने का काम किया जाएगा। यहां 400 मीटर में 8 लेन का सिथेंटिक ट्रेक बनाया जाना है। जो एथेलक्टिक प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए होगा। इसमें लौंग जंप से लेकर वाटर कूद आदि गतिविधियां भी आसानी से हो सकेगी। मैदान के बीच में फुटबाल ग्राउंड बनाया जाएगा। जगह रही तो वालीवॉल कोट सहित क्रिकेट पिच भी बनाई जा सकेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि इसी महीने में खेल मैदान पर काम शुरू हो जाएगा। खेल मैदान के लिए 2.133 हेक्टेअर जमीन यहां उपलब्ध है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन से लेकर खिलाड़ियों के लिए यह मैदान आगे काफी मददगार साबित हो सकेगा।

# तीन दिवसीय सामुदायिक सहिभागिता प्रशिक्षण सम्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : संकुल केन्द्र बरस्वार के अंतर्गत संकुल स्तरीय तीन दिवसीय सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरस्वार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में पांच विद्यालयों के अध्यक्ष, सचिव सहित 30 सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी साधो सिंह बिष्ट प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल एवं संदर्भदाता चंद्रमोहन सिंह रावत संकुल समन्वयक बरस्वार, संदर्भदाता दीपक सुंदरियाल सहायक अध्यापक राजकीय इंटर कॉलेज सेंधीखाल ने प्रतिशक्षण दिया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, नई शिक्षा नीति, बाल अधिकार, सामाजिक संपरीक्षा, विद्यालय प्रबंधन समिति के दायित्व एवं कर्तव्य, आपदा प्रबंधन, निपुण भारत, विभाग द्वारा चलाए जा रहे नवाचारी कार्यकर्मों की जानकारी दी




सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।

गई। प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तूनीखाल आशीष मधवाल ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण को आत्मसात कर अपने विद्यालय के चहुंमुखी विकास में सभी सहयोग करें। प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय जड़ियाना विजय कुमार चंदोला ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से निश्चिंत ही सभी सदस्य अपने विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक उर्मिला गुसाईं, सीमा थपलियाल, नवीन कुमार सैनी सहित अन्य विद्यालयों के सदस्य मौजूद रहे।

# जन चेतना मंच ने की शहर की समस्याओं के निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जन चेतना मंच ने जिलाधिकारी से शहर में पूर्व की भांति विभिन्न स्थानों से टैक्सी वाहनों का संचालन करने, पेयजल की समुचित व्यवस्था करने सहित विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग की। कहा कि जब से टैक्सी वाहनों का संचालन श्रीनगर बस स्टेशन के प्रथम तल से किया जा रहा है तब से इसका असर स्थानीय व्यापारियों के कारोबार पर भी पड़ा है। उन्होंने पूर्व की भांति शहर में टैक्सी वाहनों का संचालन करवाने व शहर के विभिन्न स्थानों में बनी पार्किंग को पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए खुलवाने की मांग की है।

बुधवार को मंच के दलवीर सिंह नेगी, मनमोहन सिंह रावत, भुवन डोभाल, अवतार सिंह रावत, दिनेश नेगी, दीपक, संजय कुमार, अनिल आदि ने डीएम से मुलाकात करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में जनहित से जुड़ी कई समस्याएं हैं। कहा कि मौजूदा समय में पालिका में प्रशासक तैनात हो गया है। उन्होंने शहर में लावारिस पशुओं व कुत्तों की समुचित व्यवस्था करवाने, शहर में मौजूद शौचालयों की नियमित सफाई करवाने, पौड़ी चिकित्सालय में वरिष्ठ चिकित्सकों की तैनाती करने, शहर के प्राकृतिक पेयजल स्त्रोतों का संरक्षण करने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि पूर्व में पौड़ी शहर में टैक्सी वाहनों का संचालन सिविल लाइन, एजेंसी चौक, माल रोड, बस स्टेशन से किया जाता है। तब स्थानीय व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलता था।

# ग्रामीणों ने ली विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : विकासखंड थलीसैंण के खेल मैदान में विभिन्न गांवों से आये ग्रामीणों को खंड विकास अधिकारी टीका राम कोटियाल ने विकसित भारत संकल्प के तहत देश को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण योजना, मनरेगा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना आदि योजनाएं शामिल थी। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम ये पूरे देश की जनता को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक किया जा रहा है और जो लोग किन्हीं करण से इन योजनाओं ने वंचित रह गए हैं, उन्हें इस यात्रा के दौरान योजनाओं से जोड़कर उसका लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत कुट्टी भाई, पूर्व प्रधान कैन्यूर आनंद सिंह नेगी, भाजपा महामंत्री राकेश मंमगाई, युवा मोर्चा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सोनू भंडारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिनेश चौहान आदि मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकापर्ण व शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को विधानसभा श्रीनगर क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम कोटली, सिमखेत में विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग करते हुए वैन को रवाना किया। पाबौ भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। मंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार निरंतर रूप से जनता के हित में कार्य कर रही है। कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापित करें, जिससे स्वरोजगार कर आर्थिकी मजबूत बन सकेगी।

कैबिनेट मंत्री ने श्रीनगर विधानसभा के चार दिवसीय भ्रमण के पहले दिन बुधवार को विकासखंड पाबौ के अंतर्गत ग्वाडीगाड प्राथमिक विद्यालय का सौंदर्यीकरण व मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने ग्वाडीगाड में मछली तालाब का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना से विपिन पंत द्वारा मछली




कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए।

पालन का स्वरोजगार साहसी कदम है, जो स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने 70.79 लाख की लागत से राजकीय पॉलिटेक्निक चौपडियूं के भवन तक जाने वाले मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को यहां तक पहुंचने में अब परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने कोटली गांव में पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। कहा कि गांव व आसपास के बुजुर्गों, युवाओं, बच्चों व महिलाओं को पार्क बनने से कही फायदे मिलेंगे। वहीं मंत्री ने खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पाबौ भवन का मरम्मत व सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने सिमखेत में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन भी वितरित किये। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश गौड़, खंड शिक्षाधिकारी अमित चौहान, खंड विकास अधिकारी पाबौ तेग सिंह रावत सहित राजेंद्र प्रसाद टम्टा व अन्य अधिकारी, स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया मेधावियों को सम्मानित



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दूरस्त क्षेत्र की जनता तक सरकार पहुंचने का प्रयास कर रही है। जनपद में यात्रा के 20वें दिन यात्रा रथ कुरछोला ग्राम सभा में पहुंचा। रथ के साथ ही सभी विभागों के विभागीय स्टॉल भी यहां लगाए गए, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही नए पात्र लाभार्थियों को मौके पर विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए संचालित यह विकसित भारत संकल्प यात्रा पहाड़ी जनपदों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। दूरस्त गांवों में अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी पहुंच रहे हैं, लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। जिन समस्याओं का मौके पर निस्तारण हो सकता है उन्हें निस्तारित किया जा रहा है। पात्र लाभार्थी जो किसी भी कारण से जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं उन्हें उनके घर पर सभी जानकारियां प्राप्त हो रही हैं। इस दौरान उन्होंने गांव के विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को एवं पहाड़ी उत्पाद तैयार कर स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहे महिला समूहों को भी सम्मानित किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आभा कार्ड भी लाभार्थियों को सौंपे। नोडल अधिकारी जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि गांव में आयोजित स्वास्थ्य कैंप में 120 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। वहीं 40 लोगों ने टीबी की स्क्रीनिंग करवाई और 75 लोगों को आभा कार्ड भी जारी किए गए। इसके अलावा ग्रामीणों को विभागीय स्टॉलों के माध्यम से कृषि विभाग, उद्यान, मत्स्य समेत तमाम योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी जनता के समक्ष साझा किए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल, ग्राम प्रधान मनीष पंवार, रविंद्र सिंह, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अनूप बेंजवाल, सीएचओ पायल, सीमा खत्री, देवेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एकांकी नाटक में पोखरी ने मारी बाजी



जयन्त प्रतिनिधि।थलीसैंण : विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। एकांकी नाटक में महिला मंगल दल पोखरी प्रथम, महिला मंगल दल जसपुर द्वितीय, महिला मंगल दल जखोला तृतीय स्थान पर रहा। लोकगीत में महिला मंगल दल कैन्यूर, महिला मंगल दल भंडेली, महिला मंगल दल फैलार, लोकनृत्य में महिला मंगल दल जखोला, महिला मंगल दल कैन्यूर, महिला मंगल दल पोखरी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत कुट्टी, कैन्यूर के पूर्व प्रधान आनन्द सिंह नेगी, भाजपा महामंत्री राकेश मंमगाई, युवा मोर्चा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने महोत्सव का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। विकासखंड स्तर पर 40 महिला मंगल दलों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी टीकाराम कोटियाल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिनेश चौहान आदि मौजूद थे।

# बेस अस्पताल श्रीनगर में हो रहा निःशुल्क घुटना प्रत्यारोपण

श्रीनगर गढ़वाल : घुटनों के दर्द से परेशान रोगियों के लिए मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस चिकित्सालय में घुटनों की जांच के बाद निःशुल्क घुटना प्रत्यारोपण हो रहा है। घुटने संबंधी बीमारी होने पर घुटना प्रत्यारोपण बेस चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड के जरिए मरीजों को राहत मिल रही है। ऐसे में अब गंभीर मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण के लिए बड़े निजी अस्पताल की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।बेस चिकित्सालय श्रीनगर में आर्थो विभाग के एचओडी डॉ. दयाकृष्ण टम्टा, डॉ. आलोक एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ललित पाठक की यूनिट द्वारा बेस अस्पताल में घुटनों का प्रत्यारोपण किया जा रहा है। जिसमें अभी तक आर्थो विभाग के विशेषज्ञों की टीम ने सात लोगों का घुटने प्रत्यारोपण किया है। आर्थो विभाग एचओडी डॉ. दयाकृष्ण टम्टा ने बताया कि अभी तक वह छः लोगों के घुटना प्रत्यारोपण कर चुके हैं। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ललित पाठक ने दूर-दराज क्षेत्र की एक महिला का घुटना प्रत्यारोपण कर राहत दी है। डॉ. पाठक ने बताया कि आर्थो विभाग में घुटना प्रत्यारोपण संबंधी केस शुरु होने के बाद कई लोग घुटने की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। यदि किसी का घुटना प्रत्यारोपण करना हो तो बेस चिकित्सालय में आयुष्मान के जरिए निःशुल्क ठीक करा दिया जायेगा। टीम में डॉ. सुखजीत, डॉ. अभिषेक निरंजन, डॉ. शशांक, डॉ. मानसी, डॉ. हिमानी, डॉ. मोहित सैनी, डॉ. करुणा, डॉ. पल्लवी, फिजियोथैरेपिस्ट अरूण बड़थ्वाल, नर्सिंग ऑफिसर देशराज अंजू, बंसी, सौरभ आदि सहयोगी रहे। (एजेंसी)

## पुल बन रहा नशेड़ियों का अड्डा

श्रीनगर गढ़वाल : नवनिर्मित श्रीनगर-नैथाणा पुल अब नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। पुल पर शाम ढलते ही शराब पीने वाले लोग अपना डेरा जमा लेते हैं। आलम यह है कि पुल में शराब की बोतले सहित नमकीनों के पैकेट बिखरे पड़े रहते हैं। स्थानीय निवासी अरूण कुमार का कहना हैं कि शाम ढलते ही आये दिन यहां शराबियों का अड्डा बन जाता है। साथ ही शराब पीने के बाद वे पुल पर बाइक से स्टंटबाजी करते हुई दिखाई देते हैं। जिसके चलते आस पास के स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने छतरीधार स्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी व विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने ईवीएम वेयर हाउस का बाहरी निरीक्षण के दौरान डबल लॉक सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कक्षों में डबल लॉक सही पाए जाने पर संतुष्टी व्यक्त की। निरीक्षण में ईवीएम नोडल शिवा, सहायक ईवीएम नोडल रवि कुमार सैनी, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी, राजनैतिक दल से राजेंद्र सिंह राणा, त्रिलोक सिंह रावत, देवानंद नौटियाल, राजेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# खो-खो में अगस्त्यमुनि, कबड्डी में जखोली बना विजेता



जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : जनपद स्तरीय खेल महाकुंभ (खेल प्रतियोगिता) के तहत विभिन्न विधाओं में (खो-खो, कबड्डी, बॉलीबाल, टेबिल टेनिस) में आयोजित अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

युवा कल्याण विभाग एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी शरत सिंह भंडारी ने जानकारी देते हुए, बताया कि खो-खो खेल विधा प्रतियोगिता के तहत अंडर-14 बालक आयु वर्ग में विकास खंड अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह जखोली ने द्वितीय जबकि ऊखीमठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग में जखोली व बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालक वर्ग में अगस्त्यमुनि व बालिका वर्ग में ऊखीमठ ने द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि बॉलीबाल में अंडर-14 बालक वर्ग में विकासखंड ऊखीमठ व बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान, जबकि दोनों ही वर्ग में जखोली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी खेल में अंडर-17 बालक व बालिका वर्ग के तहत आयोजित प्रतियोगिता में विकास खंड अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विकास खंड जखोली व बालिका वर्ग में ऊखीमठ दूसरे स्थान पर रहे। बताया कि बालक वर्ग के खो-खो में जखोली व बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर-17 बालक बॉलीबाल प्रतियोगिता में ऊखीमठ व बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि विकास खंड ने पहले, जबकि जखोली दूसरे स्थान पर रहा। अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता के दोनों ही वर्ग में विकास खंड जखोली ने पहला स्थान हासिल किया। इसी आयु वर्ग के तहत खो-खो में विकास खंड अगस्त्यमुनि दोनों ही वर्ग में पहले स्थान पर रहा। युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग के तहत टेबिल टेनिस में विकास खंड अगस्त्यमुनि के रुद्राक्ष, रोहन व आयुष क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इसी प्रतियोगिता के तहत अंडर-17 बालक वर्ग के युगल में दीपक व आदित्य ने पहला जबकि नितिन व अरूण ने दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताएं 16 दिसंबर, 2023 तक आयोजित की जाएंगी।


## कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली गढ़वाल

पत्रांक : 886 /कृ0एव0भू0सं0अ0/ टेण्डर / भण्डार /2023-24, दिनांक 13/12/2023

### अल्पकालीन टेण्डर सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा इकाई कार्य क्षेत्रान्तर्गत विकासखण्ड पोखड़ा में जिला योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों के लिए कृषि एवं भूमि संरक्षण इकाई सतपुली में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती है। टेण्डर प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक 14.12.2023 से 16.12.2023 तक प्रातः 10.00 से सायं 3.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस को नकद निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। टेण्डर प्रपत्र पूर्ण कर दिनांक 18.12.2023 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली पौड़ी गढ़वाल कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा किये जायेंगें। पृथक-पृथक परियोजनाओं की सीलबन्द टेण्डरों में टेण्डर प्रपत्र सीलबन्द लिफाफे में स्वीकार किये जायेंगे जो उसी दिन दिनांक 18.12.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस निविदा हेतु गठित समिति द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र के प्रथम भाग तकनीकी प्रपत्र में निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में एफ0डी0आर0 के रूप में जो कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सतपुली, के नाम से बन्धक हो एवं आगामी एक वर्ष तक वैद्य होनी चाहिये। बिना धरोहर धनराशि के टेण्डर प्रपत्र के द्वितीय भाग वित्तीय प्रपत्र को खोला नहीं जायेगा।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि 2% | टेण्डर प्रपत्र मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ति की अवधि | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पोखडा जिला योजना | सिलेथ | घेरवाड चैनलिक फेसिंग | 8000 | 500+18% | तीन माह | डी0 |

सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। परियोजना स्थल एवं आगणन शर्त/नियम आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। किसी भी लिपिकीय/छपाई त्रुटि के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं है।

कृषि भूमि एवं संरक्षण अधिकारी
सतपुली गढ़वाल

## सम्पादकीय

# क्यों बेलगाम हैं अपराध?

यह सिर्फ अवधारणा नियंत्रण की भाजपा की ताकत है, जिस कारण उलटी हकीकत के बावजूद इस पार्टी की सरकारें बेहतर कानून–व्यवस्था के दावे को अपना कथित यूएसपी बनाए रख पाती हैं। वरना, हकीकत बिल्कुल ऐसे दावों के विपरीत है।

हत्या, लूट, बलात्कार, साइबर क्राइम– इन सभी अपराधों में लगातार इजाफा होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। यह सिर्फ अवधारणा नियंत्रण की भारतीय जनता पार्टी की ताकत है, जिस कारण उलटी हकीकत के बावजूद इस पार्टी की सरकारें बेहतर कानून–व्यवस्था के दावे को अपना कथित यूएसपी बनाए रख पाती हैं। जबकि खुद सरकारी आंकड़े ऐसे दावों की पोल खोलते हैं। इनमें सबसे आधिकारिक आंकड़े राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट से प्राप्त होते हैं। मसलन, इसी हफ्ते जारी साल 2022 की रिपोर्ट के अनुसार 2021 के मुकाबले 2022 में महिलाओं के प्रति अपराध में चार प्रतिशत का इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि ऐसे जुर्म के हर घंटे औसतन करीब 51 एफआइआर दर्ज हुए। उधर देश में हर दिन अपहरण की औसतन 294 से अधिक घटनाएं हुईं। साइबर अपराध के मामलों में भी 2021 के मुकाबले करीब 24.4 फीसदी वृद्धि हुई है। इनमें सबसे ज्यादा फ्रॉड से जुड़े मामले थे। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के प्रति अपराध में भी वृद्धि दर्ज की गई।

देश में बच्चों के साथ अपराध में भी इजाफा हुआ। 2021 की तुलना में बुजुर्गों के प्रति अपराध में भी नौ फीसद से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। 2022 में अचानक होने वाली मौतों में उसके पिछले साल के मुकाबले 11.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ। 2022 में इस तरह से 56,653 लोगों की जान चली गई। इनमें दिल का दौरा पड़ने से मरने वालों की संख्या 32 हजार से ज्यादा है। इन आंकड़ों के मुताबिक देश में आत्महत्या के मामलों में भी करीब चार चार फीसद की वृद्धि हुई। 2022 में 13,000 से ज्यादा छात्र–छात्राओं ने आत्महत्या कर ली। इन आंकड़ों से जाहिर है कि कानून–व्यवस्था में सुधार के तमाम दावे निराधार हैं। ऐसा सबसे बड़ा दावा उत्तर प्रदेश में किया जाता है। लेकिन असल हाल यह है कि वहां अपहरण के सर्वाधिक मामले दर्ज हुए। इनकी संख्या 16,262 रही। एनसीआरबी के मुताबिक 2022 में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराध के करीब 66 हजार मामले दर्ज किए गए। इसलिए असल विचारणीय प्रश्न यह है कि अपराध थम क्यों नहीं रहे हैं? इसकी जवाबदेही जाहिरा तौर पर सत्ताधारियों पर ही है।

# विपक्ष के गठबंधन की राह आसान हुई!

**अजीत द्विवेदी**

पिछले कुछ दिनों में एक के बाद एक ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनकी वजह से विपक्षी पार्टियों की या विपक्ष के बड़े नेताओं की नकारात्मक छवि बनी। विपक्षी पार्टियों और नेताओं का मजाक बना और ऐसा लगा कि यह विपक्ष क्या नरेंद्र मोदी की भाजपा से लड़ पाएगा! लेकिन ये घटनाएं ही विपक्षी एकता के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करने का कारण बन गई हैं। इन घटनाओं की वजह से विपक्षी गठंबधन 'इंडिया' की राह आसान हो गई है। पिछले तीन महीने से रूकी हुई 'इंडिया' की गाड़ी एक बार फिर चल पड़ी है और ऐसा लग रहा है कि अब विपक्षी पार्टियां अपने अपने अहंकार और स्वार्थ छोड़ कर एकजुट हो जाएंगी। ऐसी तीन घटनाएं हैं, जिनकी वजह से विपक्षी गठबंधन की राह आसान हुई है। पहली घटना सबसे पहले हुई, जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधानसभा में दिए एक बयान को लेकर उनके मानसिक स्वास्थ्य का सवाल उठा। दूसरी घटना पांच राज्यों के चुनाव नतीजों की है, जिसमें कांग्रेस चार राज्यों में हार गई। और तीसरी घटना तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित किए जाने की है, जिस पर सभी पार्टियां साथ आईं।



सबसे पहले इसी घटना से शुरू करते हैं। महुआ मोइत्रा को लेकर उनकी पार्टी की प्रमुख ममता बनर्जी के मन में कोई बहुत प्यार, मोहब्बत वाला भाव नहीं था। तभी जब वे पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के विवाद में फंसीं तो ममता बनर्जी या पार्टी की ओर से उनका बचाव नहीं किया गया। पार्टी ने महुआ को उनके हाल पर छोड़ दिया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी हैं, जिनका ममता बनर्जी के साथ छत्तीस का आंकड़ा है और यह बात कांग्रेस नेतृत्व को भी पता है। इसलिए कांग्रेस भी चुप रही और अधीर रंजन तो चुप रहे हीं। लेकिन जैसे जैसे मामला आगे बढ़ा और महुआ को पूरी दुनिया से समर्थन मिलना शुरू हुआ वैसे वैसे तृणमूल भी उनके समर्थन में उतरी और कांग्रेस ने भी समर्थन किया। एथिक्स कमेटी की बैठक से लेकर लोकसभा में महुआ के निष्कासन पर हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस, राजद आदि के नेताओं ने जैसे उनका बचाव किया उससे विपक्षी एकता का संदेश गया। उनके निष्कासन से पहले ममता ने उनको कृष्णानगर जिले का अध्यक्ष बना कर ऐलान कर दिया कि वे फिर तृणमूल की टिकट से लड़ेंगी। विपक्ष ने इसे महिला की अस्मिता का मुद्दा बनाया है। इस बहाने कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस की नजदीकी बढ़ी है। सभी विपक्षी नेताओं की महुआ के प्रति सहानुभूति बनी है। आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल की राजनीति पर इसका असर देखने को मिल सकता है।

विपक्ष के सबसे बड़े नेताओं में से एक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, जिन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया। उनके प्रयास से ही जून में पहली बार 17 विपक्षी पार्टियों के नेता पटना में जुटे थे। उसके बाद दो बैठकें और हुईं, जिनमें विपक्षी पार्टियों की संख्या बढ़ कर 28 हो गए। इस आधार पर नीतीश की पार्टी के नेता अड़े थे कि उनको विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का संयोजक बनाया जाए। इस बीच विधानसभा के शीतकालीन सत्र में नीतीश कुमार ने प्रजनन को लेकर बेहद अश्लील टिप्पणी कर दी। उसी समय कुछ और घटनाएं भी हुईं, जिनसे नीतीश के मानसिक स्वास्थ्य पर सवाल उठे। विपक्षी गठबंधन को इसका दो तरह से फायदा हुआ। पहला तो यह कि विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनने का नीतीश का दावा कमजोर हुआ। इससे विपक्षी गठबंधन में यथास्थिति बनी रह सकती है और मौजूदा समन्वय समिति में बदलाव की जरूरत नहीं होगी। दूसरा फायदा यह है कि नीतीश के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भाजपा के नेताओं ने उन पर जैसा हमला किया उससे फिलहाल जदयू और भाजपा के नजदीक आने की संभावना कम हो गई है।

तीसरी घटना पांच राज्यों के चुनाव नतीजों की है, जिसमें कांग्रेस चार राज्यों में हार गई है। अगर कांग्रेस तीन या चार राज्यों में जीतती तो उसका अलग असर होता। फिर विपक्षी पार्टियों में यह हौसला मजबूत होता कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा को इस तरह से हराया जा सकता है। कर्नाटक की जीत के बाद जो धारणा बनी है वह मजबूत होती। लेकिन उसमें खतरा यह था कि कांग्रेस के अंदर यह भाव पैदा होता कि वह अकेले ही भाजपा को हरा सकती है। ध्यान रहे पांच में से हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला था। ऊपर से इन राज्यों में विपक्षी गठबंधन की कई पार्टियों ने भी अपने उम्मीदवार उतारे थे। अगर इसके बावजूद कांग्रेस जीतती तो उसके नेता मानते कि सीधी लड़ाई में भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस को दूसरी पार्टियों की जरूरत नहीं है। इसी सोच में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन में सीट बंटवारा रोक रखा था। अगर कांग्रेस जीतती तो दूसरा खतरा यह था कि प्रदेशों में तमाम क्षत्रप नेता पहले से ज्यादा मजबूत होते और पार्टी की कमान उनके हाथ में होती। गौरतलब है कि 2018 में कांग्रेस जब इन तीनों राज्यों में जीती तो नेतृत्व के मामले में यथास्थिति बनाए रखी गई, जिसका खामियाजा 2019 में कांग्रेस को भुगतना पड़ा। इस बार की हार के बाद उम्मीद की जा सकती है कि कांग्रेस नए नेताओं को आगे करके नए तेवर के साथ 2024 का चुनाव लड़ेगी।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि चार राज्यों में कांग्रेस हारी है लेकिन हिंदी पट्टी के जो तीन राज्य अगले लोकसभा चुनाव से लिहाज से बहुत अहम हैं उन राज्यों में कांग्रेस ने अच्छी टक्कर दी है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को करीब चार करोड़ वोट मिला है, जबकि भाजपा को साढ़े चार करोड़ वोट मिले हैं। भाजपा को 50 लाख वोट जरूर ज्यादा है लेकिन हकीकत यह है कि हर जगह कांग्रेस को 40 फीसदी वोट मिले हैं। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बहुत कम अंतर से हारी है। अगले चुनाव में इसका फायदा यह हो सकता है कि लोगों की सहानुभूति कांग्रेस के प्रति बने। आखिर 2018 में इन तीनों राज्यों में भाजपा को हराने के बाद लोगों की नाराजगी खत्म हो गई थी और 2019 में उन्होंने फिर से भाजपा को वोट दे दिया था। इस बार हो सकता है कि भाजपा के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी बने और कांग्रेस के प्रति सहानुभूति हो। सो, कांग्रेस इसमें उम्मीद की किरण देख सकती है क्योंकि तीनों राज्यों की जनता ने कांग्रेस को 40 फीसदी या उससे ज्यादा वोट देकर उसकी हैसियत बनाए रखी है इन तीनों राज्यों में कांग्रेस के हारने का एक बड़ा असर यह हुआ है कि कांग्रेस आसमान से उतर कर धरती पर आ गई है। तभी 'मैं नहीं हम' का नारा दिया गया है। गठबंधन का नेतृत्व करने की जिद छोड़ कर कांग्रेस बराबरी पर बात करने को राजी हुई है। दूसरी ओर भाजपा की भारी–भरकम जीत से विपक्ष की दूसरी पार्टियों का भी आत्मविश्वास हिला है। उनको लग रहा था कि केंद्र में 10 साल सरकार चलाने और कई राज्यों में लगातार सरकार चलाने से भाजपा के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी हुई है और इसलिए उसको हराया जा सकता है। अब उनको अहसास हुआ है कि जनता में अब भी मोदी व भाजपा के प्रति समर्थन काम है। इसी तरह अगर भाजपा हार जाती तो कांग्रेस सहित विपक्ष की तमाम मंडलवादी पार्टियों के मन में यह धारणा बैठती की जाति गणना और आरक्षण का मुद्दा रामबाण है।

# रिटायर नहीं हो रहे हैं क्षत्रप नेता

देश के कई बड़े प्रादेशिक क्षत्रपों के बारे में अचानक चर्चा शुरू हो गई है कि वे रिटायर हो रहे हैं। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल में तृणमूल की प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती के बारे में कहा जा रहा है कि वे पीछे हट रहे हैं और नई पीढ़ी पार्टी की कमान संभालेगी। लेकिन सचमुच में ऐसा नहीं है। ये नेता अपने परिवार की दूसरी पीढ़ी को आगे बढ़ा रहे हैं लेकिन खुद रिटायर नहीं हो रहे हैं। पार्टी के अंदर भी इन नेताओं ने साफ कर दिया है कि वे सक्रिय राजनीति में रहेंगे।

मायावती ने अपने छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश आनंद को देश के 26 राज्यों का जिम्मा सौंपा है। लेकिन पूरी पार्टी की कमान उनके हाथ में नहीं दी। इसके अलावा उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का काम अपने ही पास रखा है। ध्यान रहे बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश की ही पार्टी है। हालांकि उत्तर प्रदेश में भी उसका वोट 2007 के चरम यानी 30 फीसदी से घट कर 2022 में 12.88 फीसदी पर आ गया है। देश के हर राज्य में पार्टी अपना वोट आधार गंवा चुकी है। अगर उसकी वापसी होती है तो वह उत्तर प्रदेश से ही होगी। इसलिए मायावती ने इसे अपने पास रखा है। चुनावी तालमेल करने और अगली बार लडऩे की रणनीति बनाने का फैसला वे खुद करेंगी। तभी पार्टी के नेता बता रहे हैं कि आकाश पहले से नेशनल कोऑर्डिनेटर थे। उनकी भूमिका थोड़ी बढ़ाई गई है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मायावती रिटायर होने जा रही हैं।

इस तरह के चंद्रशेखर राव के लिए कहा जा रहा था कि वे चुनाव हारने के बाद अब सक्रिय राजनीति से अलग होंगे। वे अगले साल फरवरी में 70 साल के होने वाले हैं। ऊपर से चुनाव हारने के बाद एक मामूली दुर्घटना में उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई, जिसकी सर्जरी हुई है। तभी कहा जा रहा था कि वे अपने बेटे केटी रामाराव और भतीजे टी हरीश राव को पार्टी की कमान सौंप देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। चुनाव हारने के बाद हुई पार्टी विधायक दल की बैठक में राव को नेता चुना गया। यानी वे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाएंगे। अभी बेटे और भतीजे को इंतजार करना होगा।

उधर पश्चिम बंगाल में तो ममता बनर्जी रिटायर होने में इतनी देरी कर रही हैं कि पार्टी के अंदर विवाद शुरू हो गया है। पार्टी के भीतर ममता और उनके भतीज अभिषेक बनर्जी के समर्थकों के दो खेमे बन गए हैं। ममता बनर्जी अगले महीने पांच जनवरी को 69 साल की होंगी। लेकिन अभिषेक समर्थकों का कहना है कि अभी ममता को अभी से अभिषेक को मुख्यमंत्री बना देना चाहिए ताकि पार्टी 2026 में उनके नाम और काम पर चुनाव लड़े। परंतु ममता इसके लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने पिछले दिनों पार्टी पदाधिकारियों की नेताजी सुभाष इनडोर स्टेडियम में बैठक की दूसरे पदाधिकारियों की ही तरह अभिषेक को बाद में सूचना दी गई, जिसकी वजह से वे बैठक में शामिल नहीं हुए।

# सीएम मोहन यादव का पहला आदेश जारी, मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर प्रतिबंधित



**भोपाल , एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज सुबह शपथ ग्रहण करने के बाद कार्यभार संभालते ही धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों को अवैधानिक रूप से और निर्धारित मापदण्ड से अधिक आवाज में बजाने पर प्रतिबंध लगाये जाने संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस संबंध में गृह मंत्रालय की ओर से निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

राज्य में अब धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर / डी.जे.) आदि का उपयोग किया जा सकेगा।

लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण तथा लाउडस्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जाँच के लिये सभी जिलों में उड़नदस्तों के गठन का निर्णय लिया गया है। उड़नदस्ते नियमित और आकस्मिक रूप से धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों, जहाँ ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होता है, का निरीक्षण कर सकेंगें तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में अधिकतम तीन दिवस में समुचित जाँच कर प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेंगें। धर्मगुरूओं से संवाद व समन्वय के आधार पर लाउडस्पीकरों को हटाने का प्रयास किया जायेगा तथा ऐसे धार्मिक स्थलों की सूची बनाई जायेगी जहाँ उक्त नियमों / निर्देशों का अनुपालन नहीं हो रहा है तथा इसकी जिला स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाकर 31 दिसंबर 2023 तक पालन प्रतिवेदन गृह विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

ध्वनि प्रदूषण के मामलों की सतत निगरानी के लिये अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी समय-समय पर लाउडस्पीकरों/डी.जे. आदि के अवैधानिक प्रयोग के संबंध में प्रतिवेदन शासन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## एमपी में अब 'मोहन' युग, पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, 2 डिप्टी सीएम

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आज राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने डा. मोहन यादव को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। श्री यादव व्यक्ति के रूप में राज्य के बीसवें मुख्यमंत्री हैं। इसके अलावा राज्यपाल ने श्री जगदीश देवड़ा और श्री राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायी।

स्थानीय मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित भव्य एवं गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने पद के साथ ही गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस समारोह में श्री मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा, अन्य वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री, भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता और अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।

समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। समारोह का संचालन मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने किया।

शपथ ग्रहण समारोह के लिए, तैयार मंच के समीप ही एक और भव्य मंच तैयार किया गया था, जिस पर विभिन्न साधु संत मौजूद थे। साधु संतों ने शंखनाद भी किया। मध्य प्रदेश के सोलहवें विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भाजपा ने कुल 230 सीटों में से 163 सीटों पर विजय हासिल कर अपनी सरकार बरकरार रखी है।

हाल ही में भाजपा विधायक दल की बैठक में उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले डा. मोहन यादव को नेता चुना गया था। डा. यादव व्यक्ति के रूप में राज्य के 20वें मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने श्री शिवराज सिंह चौहान का स्थान लिया है।

## इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में कमाल अदवान अस्पताल पर किया हमला

**गाजा ,एजेंसी।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कई दिनों तक घेराबंदी और बमबारी करने के बाद इजरायली बलों ने उत्तरी गाजा पट्टी में एकमात्र सक्रिय कमल अदवान अस्पताल पर हमला कर दिया। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने मंगलवार को बयान में कहा कि इजरायली सैनिकों ने चिकित्सा कर्मियों सहित सभी लोगों को अस्पताल प्रांगण में इक्का होने का आदेश दिया था। उन्होंने मेडिकल स्टाफ की गिरफ्तारी की संभावना पर चिंता व्यक्त की। अल-केदरा ने संयुक्त राष्ट्र, विश्व स्वास्थ्य संगठन और रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति से अस्पताल में उन लोगों के जीवन को बचाने और उनकी रक्षा करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया।

## दक्षिण पश्चिम नाइजीरिया में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

**अबुजा , एजेंसी।** नाइजीरिया के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में तड़के एक बस के ट्रक से टकरा जाने से कम से कम दस लोगों की मौत हो गयी और सात अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। यातायात पुलिस ने यह जानकारी दी है। संघीय सड़क सुरक्षा कोर की प्रवक्ता फ्लोरेंस ओकेपे ने ओगुन राज्य की राजधानी अबेओकुटा में संवाददाताओं से कहा कि यह घटना बस के तेज गति के कारण नियंत्रण खोने से लागोस-इबादान एक्सप्रेसवे के कारा पुल पर हुई। ओकेपे ने कहा कि एक्सप्रेसवे पर एक इंटरचेंज के लिए रास्ता तय करते समय चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और बस आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। उन्होंने कहा कि घायलों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जबकि शवों को ओगुन के सगामू इलाके में एक मुर्दाघर में रखा गया है।

## अर्जेंटीना की राजधानी में इमारत में आग लगने से एक महिला की मौत

**ब्यूनस आयर्स ,एजेंसी।** अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में एक इमारत की दो मंजिलों में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और कम से कम 42 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार धुएं के कारण साँस लेने में तकलीफ होने पर 35 लोगों को अस्पतालों में भेजागया। आग ने एलेम एवेन्यू पर स्थित 14 मंजिला कार्यालय और आवासीय इमारत की छठीं और 7वीं मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है । अधिकारियों ने कहा कि इमारत की निचली मंजिलों से लोगों को निकाला गया, जबकि अग्निशामकों और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा कर्मियों ने ऊपरी मंजिलों पर मौजूद लोगों को बचाने के लिए मिलकर काम किया।उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर, मरीजों के संभावित स्थानांतरण को देखते हुए आस-पास के सभी अस्पतालों में रेड अलर्ट सक्रिय कर दिया गया था।

## गाजा में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 18,400 से ज्यादा

**गाजा ,एजेंसी।** गाजा पट्टी में स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि 7 अक्टूबर को हमास-इजरायल संघर्ष के शुरू होने के बाद से फिलिस्तीनी क्षेत्र में मरने वालों की संख्या 18,400 से अधिक हो गई है।

मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि मंगलवार तक गाजा पर इजरायली सैन्य हमलों में कुल 18,412 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 50,100 अन्य घायल हुए हैं। अल-केदरा ने कहा कि पिछले घंटों के दौरान, 207 फिलिस्तीनियों के शवों को गाजा पट्टी के अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया था, जबकि इजरायली छापे में 450 अन्य घायल हो गए थे।

## गाजा पर अंधाधुंध बमबारी के कारण इजराइल खो रहा दुनियां का समर्थन : बाइडेन

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी के कारण इजरायल दुनियां का समर्थन खो रहा है। हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद बाइडेन की ये इजरायल की सबसे कड़ी आलोचना है।

बीती रात राष्ट्रपति ने कहा, इजरायल की सुरक्षा अमेरिका पर निर्भर हो सकती है, लेकिन अभी उसके पास अमेरिका से अधिक समर्थन है। उसके पास यूरोपीय संघ है, उसके पास यूरोप है। लेकिन वे (गाजा) में होने वाली अंधाधुंध बमबारी से अपना समर्थन खोते जा रहे हैं।

हालांकि, बाइडेन ने कहा कि हमास से मुकाबला करने पर कोई सवाल नहीं है और इज़राइल के पास ऐसा करने का पूरा अधिकार है।बाइडेन की टिप्पणी के तुरंत बाद एक बयान में, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनके देश को जमीनी युद्ध के साथ-साथ हमास को नष्ट करने और बंधकों को रिहा कराने के लिए अमेरिका का पूर्ण समर्थन है।

# टीएमसी: निष्कासन के खिलाफ महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई तत्काल सुनवाई की गुहार





**नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से अपने निष्कासन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर याचिका पर बुधवार को तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अगवाई वाली पीठ के समक्ष मोइत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान उनकी रिट याचिका पर तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई।

इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले को मुख्य न्यायाधीश से गुहार लगाई जाए। सुश्री मोइत्रा ने सोमवार को याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने लोकसभा से निष्कासित करने के फैसले को 'अन्यायपूर्ण और मनमाना' तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ बताया है। सुश्री मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद थीं।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उन पर रुपए लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। श्री दुबे की शिकायत पर इस मामले में संसद की आचार समिति ने जांच की। समिति की सिफारिश पर आठ दिसंबर को लोकसभा में सुश्री मोइत्रा को निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित हुआ था।

श्री दुबे ने सुश्री मोइत्रा पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर अदानी समूह की कंपनियों के संबंध में संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। श्री दुबे ने मोइत्रा के पूर्व मित्र वकील जय अनंत देहाद्राई के हलफनामे के आधार पर यह शिकायत की थी। समिति ने श्री हीरानंदानी के साथ अपने संसदीय पोर्टल की लॉगिन क्रेडेंशियल साझा कर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने के बाद सुश्री मोइत्रा को निष्कासित किया था।

## संसद पर एक और हमला, लोकसभा अध्यक्ष बोले- सुरक्षा व्यवस्था की होगी उच्चस्तरीय समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में दर्शक दीर्घा से युवाओं के कूदने एवं गैस छोड़ने की घटना को संसद पर एक और हमला बताते हुए आज कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच करायी जाएगी और सभी नेताओं के सुझावों के अनुरूप संसद की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। ओम बिरला ने अपराह्न चार बजे सदन के समवेत होने पर कहा कि आज जो घटना घटी है, हम सब के लिए चिंता का विषय है, यह एक गंभीर घटना है। घटना करने वाले व्यक्ति को हमारे माननीय संसद सदस्यों ने, सुरक्षाकर्मियों ने, मार्शल एवं चैंबर स्टाफ ने बड़ी मुस्तैदी के साथ पकड़ा और निडरता से दबोच लिया। उन सबको बधाई।



उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 2001 में भी इसी तरह से संसद के सुरक्षा स्टाफ ने उस आतंकवादी हमले को विफल किया था, हमने आज फिर ऐसे हमले को विफल करने का सामूहिक प्रयास किया है। इसके लिए सबको धन्यवाद। उन्होंने कहा कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करायी जा रही है और उसके निष्कर्ष के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। संसद के मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और उसमें क्या क्या सुधार हो सकते हैं, इस बारे में सभी दलों के नेताओं के साथ मिल कर सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए उन्होंने आज शाम एक बैठक बुलायी है। ओम बिरला ने कहा कि हम सब एकसाथ एकमत हो कर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं और आगे भी इसी तरह से देशहित में हम अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। इसके बाद श्री बिरला ने कार्यवाही को गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।

## भारतीय-अमेरिकी छात्र ने ब्रिटेन की प्रतिष्ठित 2024 मार्शल स्कॉलरशिप जीती

**लंदन ,एजेंसी।** प्रतिष्ठित 2024 मार्शल स्कॉलरशिप के 51 विजेताओं में एक भारतीय मूल का छात्र भी है। ये स्कॉलरशिप ब्रिटेन के किसी भी विश्वविद्यालय में अपनी स्नातक शिक्षा के लिए अमेरिकी स्कॉलर्स का चयन करता है।

बेंगलुरु में जन्मे हरि चौधरी, जो जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में इतिहास और जर्मन में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के छात्र हैं, जो इस कार्यक्रम के तहत अपनी स्नातक की पढ़ाई शुरू करेंगे, जिसके लिए इस साल पूरे अमेरिका से 1006 आवेदन आए।मार्शल स्कॉलर के रूप में, वह क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट में संघर्ष परिवर्तन और सामाजिक न्याय का अध्ययन करेंगे, इसके बाद किंग्स कॉलेज लंदन में ग्लोबल लीडरशिप और पीसबिल्डिंग में एमएससी करेंगे।उत्तरी अमेरिका के व्यापार आयुक्त और न्यूयॉर्क में ब्रिटिश महावाणिज्यदूत एम्मा वेड स्मिथ ने सोमवार को छात्रवृत्ति की घोषणा करते हुए कहा, मुझे बहुत गर्व है कि इस साल का मार्शल स्कॉलर्स का समूह हमारे क्षेत्र की विविधता और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है।स्मिथ ने कहा, साइंस और मैथ्स से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी, माइग्रेशन स्टडी तक, ये यंग लीडर्स पहले से ही अपने मजबूत एकेडमिक ट्रेनिंग से प्रभावित हुए हैं और उन्होंने अपने कैरियर ट्रेजेक्टोरीज के संदर्भ में वास्तविक वादे का प्रदर्शन किया है।वर्तमान में, हरि अपने कॉलेज करियर के दौरान कई इंटर्नशिप में शामिल रहे हैं, जिसमें उत्तरी आयरलैंड में क्रॉस-बॉर्डर स्टडीज सेंटर और मेरिडियन इंटरनेशनल सेंटर शामिल हैं।वह वर्तमान में जर्मनी के म्युनिख में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास में राजनीतिक अनुभाग के साथ एक वर्चुअल स्टूडेंट फेडरल सर्विस (वीएसएफएस) इंटर्न हैं और अगले सेमेस्टर में विदेश मामलों पर हाउस कमेटी के साथ कांग्रेस में इंटर्नशिप करेंगे। जर्मन सुरक्षा नीति पर उनका शोध अमेरिकी-जर्मन संस्थान द्वारा प्रकाशित किया गया था।

# महिला द्विपक्षीय ब्लाइंड क्रिकेट सीरीज : भारत ने नेपाल को 4 रन से हराया



मुंबई , बिनीता पुन का अर्धशतक एक बार फिर बेकार हो गया, क्योंकि भारत ने पुलिस जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में पहली दृष्टिबाधित महिला द्विपक्षीय सीरीज में नेपाल को चार रनों से हरा दिया। भारत ने धीमी शुरुआत के बावजूद निर्धारित 20 ओवरों में 149/6 का स्कोर बनाया और नेपाल को 145/6 पर रोक दिया। बिनीता ने 47 गेंदों में 56 रन बनाए, लेकिन नेपाल को जीत दिलाने में सफल नहीं हो पाईं। भारत ने पहली बार नेत्रहीनों के लिए पांच मैचों की फेडफिना महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज में 2–0 की बढ़त ले ली है।

150 रनों का पीछा करते हुए नेपाल की शुरुआत खराब रही और उसका स्कोर 6 ओवर में 38/2 हो गया। इसके बाद बिमला राय और बिनीता ने 72 रनों की साझेदारी की, जिससे नेपाल ने 15वें ओवर में 110/3 का स्कोर बना लिया।

नेपाल नियमित अंतराल पर विकेट खोता रहा और जल्द ही 132/6 पर सिमट गया। जो पीछा करना बहुत आसान लग रहा था वह अचानक एक दूर के सपने जैसा लगने लगा। आखिरी 6 गेंदों में नेपाल को जीत के लिए 10 रनों की जरूरत थी, लेकिन वह लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई। झिली बिरुआ को उनकी शानदार गेंदबाजी और पारी के आखिरी ओवर में 10 रन का बचाव करने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इससे पहले दिन में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 149/6 रन बनाए। मगुपल्ली सत्यवती ने भारत को धीमी शुरुआत दी, लेकिन डेथ ओवरों में रवन्नी और सुषमा पटेल ने सुनिश्चित किया कि भारत सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचे। नेपाल अब टी20 सीरीज जीतने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए बुधवार को तीसरा टी20 मैच खेलने के लिए तैयार होगा।

# कपिल देव, जोंटी रोड्स यूपी में होम्योपैथी पर जागरूकता बढ़ाएंगे



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 24 दिसंबर को होने वाले सम्मेलन होम्योपैथिक क्रांति–2023 के दौरान होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मशहूर क्रिकेटर, राजनेता, कवि और होम्योपैथिक चिकित्सक एक साथ आएंगे।

समारोह में क्रिकेटर कपिल देव, मदन लाल, जोंटी रोड्स और कवि कुमार विश्वास को सम्मानित किया जाएगा।

आयोजक और होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. नीतीश चंद्र दुबे के मुताबिक, सम्मेलन में राजनेताओं में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अतिथि होंगे।

सम्मेलन में देशभर से 2,500 से अधिक डॉक्टर, शोधकर्ता और मेडिकल छात्र शामिल होंगे। डॉ. नीतीश दुबे ने कहा, कार्यक्रम में होम्योपैथिक दवाओं के साक्ष्य–आधारित उपयोग पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा, एडीजी यूपी पुलिस आईपीएस नवनीत सिकेरा डॉक्टरों को तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए एक प्रेरक संवाद देंगे और सोशल मीडिया की कमियों पर चर्चा करेंगे।

# लंबे अंतराल के बाद टेस्ट खेलने का इंतजार है : स्मृति मंधाना

मुंबई , अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के दस वर्षों में स्मृति मंधाना ने केवल चार महिला टेस्ट मैच खेले हैं। अगले तीन हफ्तों में, वह दो टेस्ट मैचों का हिस्सा बनने वाली हैं इंग्लैंड के खिलाफ यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट और 23 दिसंबर से वानखेड़े में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ।

स्मृति और भारतीय महिला टीम ने आखिरी टेस्ट दो साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में खेला था जो ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड महिलाओं के खिलाफ शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट 2014 के बाद भारत में खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट भी है। वह टेस्ट मैसूर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था जिसे भारत ने पारी और 34 रन से जीता था। मंधाना ने उस मैच में केवल 8 रन बनाए, जबकि हरमनप्रीत कौर,शुरू होने वाले टेस्ट में भारत का नेतृत्व कर रही थीं, ने नौ विकेट (5–44 और 4–41) लिए, जिससे भारत ने व्यापक जीत दर्ज की।

स्मृति के साथ, हरमनप्रीत कौर उस भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा थीं जो भारत में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच के लिए मैदान पर उतरी थी और इसलिए, जब भारत गुरुवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगा तो उन पर ध्यान केंद्रित होगा।



टीम में कई युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है और इसलिए वे मार्गदर्शन के लिए स्मृति और हरमनप्रीत से उम्मीद करेंगे। खिलाड़ियों को मल्टी–डे क्रिकेट खेलने के लिए बहुत कुछ अनुकूलित करने की आवश्यकता होगी और वे घरेलू सर्किट पर केवल टी20 या 50 ओवर के मैच ही खेलेंगे।

स्मृति मंधाना ने टेस्ट शुरू होने से दो दिन पहले कहा, हम टेस्ट मैच क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हैं। हमने अपना आखिरी टेस्ट घरेलू मैदान पर 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैसूर में खेला था। मुझे लगता है कि हम घरेलू मैदान पर फिर से व्हाइट पहनने के लिए वास्तव में उत्साहित हैं और वहां जाओ और सफेद पोशाक में भारत का प्रतिनिधित्व करो। मुझे लगता है कि पिछले दो वर्षों में यह पूरी तरह से एक अलग एहसास है।हालांकि खिलाड़ी कुछ वर्षों के बाद खेल का लंबा संस्करण खेलेंगे, मंधाना ने कहा कि वे खिलाड़ियों की खेल शैली को बदलने की कोशिश नहीं करेंगी और चीजें जैसे–जैसे आगे बढ़ेंगी, स्थिति की मांग के अनुसार खुद को ढालेंगी।

हालांकि मंधाना सहित अधिकांश खिलाड़ी तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलने के बाद टेस्ट मैच में उतरेंगे, जिसमें भारत इंग्लैंड से 2–1 से हार गया था, मंधाना ने कहा कि सफेद गेंद से लाल गेंद क्रिकेट में स्विच करना ज्यादा कठिन नहीं होगा।

मंधाना ने कहा, अगर आप खुद को मानसिक रूप से तैयार करते हैं तो मुझे नहीं लगता कि यह बहुत मुश्किल है। मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ा बदलाव है क्योंकि, आप जानते हैं, यह खुद को लागू करने के बारे में है। बल्लेबाजी ऐसी नहीं है कि मैं बहुत सारी तकनीक बदलने जा रही हूं। या, आप जानते हैं, मैं बहुत सी चीजें बदलने जा रही हूं। यह किसी भी चीज से ज्यादा धैर्य के मानसिक बदलाव के बारे में है, आप जानते हैं, आपको खुद को लागू करना होगा और खेलना होगा, उस चरण की मांग के अनुसार खेलना होगा। मैं मुझे लगता है कि यह वास्तव में महत्वपूर्ण होगा क्योंकि मैं टीम में किसी को भी अपनी बल्लेबाजी तकनीक या गेंदबाजी तकनीक में बदलाव करते नहीं देखती हूं। इसमें बहुत समय लगता है। इसलिए निश्चित रूप से ये दो दिन हमारे लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं।मंधाना ने चार टेस्ट मैचों में 46.42 की औसत से 325 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

## वापसी से पहले कुवैत में प्रशिक्षण कर रहे हैं राफेल नडाल

नई दिल्ली , राफेल नडाल की एटीपी टूर में जल्द वापसी करीब आ रही है। 2024 ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में वापसी की उनकी यात्रा में 31 दिसंबर से 7 जनवरी तक होने वाले टूर्नामेंट से होनी है। स्पैनियार्ड ने कुवैत में राफेल नडाल अकादमी की यात्रा की, जो 2020 में शेख जाबेर अल–अब्दुल्ला अल–जबर अल–सबा अंतर्राष्ट्रीय टेनिस कॉम्प्लेक्स में खुली। वहां, उन्होंने 19 वर्षीय फ्रांसीसी आर्थर फिल्स के साथ एक प्रशिक्षण सत्र साझा किया, जो हाल ही में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे। नडाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कुवैत में कुछ दिनों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत अच्छा है। हर कोई स्वागत कर रहा है। हर चीज के लिए धन्यवाद।

नडाल ने ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में कुछ ही हफ्तों में मिलने वाले तापमान और स्थितियों की तलाश में कुवैत की यात्रा की।

स्पैनियार्ड, जिसने हाल ही में अपनी वापसी के बारे में सतर्क उत्साह का संदेश पोस्ट किया था। इस साल 18 जनवरी को मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कोर्ट में उतरने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रहा है।नडाल ने कहा, मैंने पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो कहा था कि मैं प्रेस रूम में अपने खेल करियर को समाप्त नहीं कर सकता।

## फीफा ने सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कारों के लिए इन नामों का किया ऐलान

जिनेवा ,इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर पुरस्कारों के फाइनलिस्ट की घोषणा की। 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 15 जनवरी 2024 को लंदन में आयोजित किए जाएंगे।ऑस्ट्रेलिया की मैकेंज़ी अर्नोल्ड, स्पेन की कैटालिना कोल और इंग्लैंड की मैरी अर्प्स सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट हैं, जबकि पुरुष पुरस्कारों के फाइनलिस्ट में मोरक्को के यासीन, बेल्जियम के थिबाउट कोर्टोइस और ब्राजील के एडर्सन के नाम शामिल हैं।फीफा जल्द ही सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2023 के लिए और अधिक फाइनलिस्टों की घोषणा करेगा। इन घोषणाओं में सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी और फीफा पुस्कस पुरस्कार के फाइनलिस्ट शामिल होंगे।

# रसेल की दमदार वापसी, वेस्टइंडीज को दिलाई ऐतिहासिक जीत

बारबाडोस , स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करते हुए वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दिलाई है।

दो साल से अधिक समय में रसेल का यह पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच था। अपने कमबैक मैच में इस स्टार ऑलराउंडर ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। टी20 वर्ल्ड कप से पहले वेस्टइंडीज के लिए यह जीत बेहद खास है।

35 वर्षीय रसेल ने 14 गेंदों में तीन विकेट और नाबाद 29 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज के लिए अन्य बल्लेबाजों में ब्रेंडन किंग (22), काइल (35), साई (36), और रोमेन पॉवेल ने 31 रन का अहम योगदान दिया। रसेल को उनकी शानदार व्यक्तिगत खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और उन्होंने खेल के बाद स्वीकार किया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी बिल्कुल योजना के अनुसार हुई है।




बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल मैदान पर वेस्टइंडीज के लिए यह रन चेज़ सबसे सफल रहा, जिसने 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के 155/5 के पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया।

आईसीसी ने मैच के बाद रसेल के हवाले से कहा, जब से मुझे बुलावा आया है तब से दो सप्ताह से मैं सपना देख रहा हूं कि मैं अपने पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बनूंगा। मुझे नहीं पता था कि यह कैसे होगा, लेकिन मैं बस विश्वास करता रहा कि यह होगा। यह प्रदर्शन वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप की शुरुआत से छह महीने से भी कम समय में काफी आत्मविश्वास प्रदान करेगा, जिसकी वे संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सह–मेजबानी करेंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com